# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### बुधवार, दिनांक 21 फरवरी, 2007

## तारांकित प्रश्नोत्तर

संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत राशि का प्रावधान

1. (*क्र. 194) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में संपूर्ण स्वच्छता अभियान के लिए जिलेवार वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 के लिए कितनी-कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? (ख) क्या जिलों में "स्वच्छता अभियान" के लिए जिला स्तरीय जिला जल एवं स्वच्छता समितियां गठित की गई है ? किन-किन जिलों में गठित नहीं की गई ? (ग) क्या ग्राम स्तर पर स्वच्छता समितियों का गठन किया जा चुका है ? क्या ग्रामीण स्वच्छता दुकान (R. S. M.) एवं उत्पादन केंद्र (P. C.) का भी इसमें प्रावधान है ? यदि हां, तो इसकी क्या स्थिति है ? जिलेवार बतावें.

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) † संलग्न प्रपत्र- "अ" अनुसार. (ख) जी हां. समस्त जिलों में गठित है. (ग) जी हां, † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार.

रतनजोत रोपण हेतु प्रदत्त सरकारी जमीन

2. (*क्र. 9) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रतनजोत पौधारोपण हेतु विभिन्न कम्पनियों/संस्थाओं को कितनी-कितनी सरकारी जमीन कितने वर्षों के लिए एवं किस आधार पर प्रदान की गयी है ? (ख) रायगढ़ जिले में रतनजोत पौधा रोपण हेतु कितनी-कितनी सरकारी जमीन किन-किन संस्थाओं को दी गई है ? जनपद पंचायतवार आवंटित जमीन की मात्रा एवं प्रदत्त संस्था के नाम की जानकारी देवें ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रतनजोत पौधरोपण हेतु किसी भी कंपनियों/ संस्थाओं को सरकारी जमीन प्रदाय नहीं की गई है. (ख) प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

ए. सी. बी. एवं ई. ओ. डब्ल्यू. में दर्ज प्रकरणों से संबद्ध अधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्वों से पृथक किये जाने हेतु जारी निर्देश

3. (*क्र. 31) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है, कि विभाग को सामान्य प्रशासन विभाग से यह निर्देश जारी हुआ है, कि ए. सी. बी. अथवा. ई. ओ. डब्ल्यू. में दर्ज प्रकरणों में संबद्ध अधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्वों व स्थान से हटाकर अन्यत्र पदस्थ किये जाने के निर्देश है, यदि हां, तो इसके पालन 31 जनवरी 2007 तक किन-किन प्रकरणों पर विभाग ने कार्यवाही की है ? (ख) क्या सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने पत्र क्रमांक एफ-1/106/1-7, दिनांक 06 जनवरी, 2007 द्वारा पर्यावरण विभाग के उच्च पदस्थ अधिकारियों की पदस्थापना में परिवर्तन/हटाये जाने का निर्देश विशेष रूप से निर्देशित किया है ? (ग) प्रश्नांश "ख" के पत्र में उल्लेखित निर्देश का परिपालन कब किया गया है ? यदि नहीं, तो पालन ना करने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं तो क्यों ? निर्देशों का पालन कब तक सुनिश्चित कराया जायेगा ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जी हां. श्री अनिल शर्मा, तत्कालीन सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के प्रकरण पर. (ख) जी हां. (ग) उल्लेखित निर्देश प्राप्त होने के पूर्व ही श्री शर्मा को सदस्य सचिव के पद से हटाया जा चुका था. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट "एक"

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना जगदलपुर द्वारा वि. ख. बास्तानार को आवंटित राशि

4. (*क्र. 329) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना जगदलपुर जिला-बस्तर के द्वारा वर्ष 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06 में वि. ख. बास्तानार को विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत पूंजीगत मद से किन-किन कार्यों की कितनी-कितनी राशि की कहां-कहां स्वीकृति दी गई है ? इन कार्यों की क्रियान्वयन एजेंसी/विभाग कौन है ? कितने कार्य पूर्ण एवं अपूर्ण है ? (ख) सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी जगदलपुर को उक्त समयावधि में वि. ख. बास्तानार में किन-किन कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि के कार्यों की स्वीकृति दी गई है ? इनमें कितने कार्य पूर्ण एवं अपूर्ण हैं ? कार्य स्थल सहित जानकारी देवें ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) प्रश्नाधीन अवधि में सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी जगदलपुर को विकासखण्ड बस्तानार अंतर्गत विशेष केन्द्रीय सहायता के अंतर्गत पूंजीगत मद से कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है, अतएव प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जिला जांजगीर-चांपा के ग्रामीण क्षेत्रों में नलजल योजना की स्वीकृति

5. (*क्र. 101) **महन्त रामसुंदर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 1 जनवरी 2004 के बाद जांजगीर-चांपा जिला के कितने ग्रामों में नलजल योजना की स्वीकृति दी गई है ? विकासखण्डवार एवं ग्राम के नाम सहित बतावें ? (ख) वर्ष 2006-07 में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजना में पाईप लाईन विस्तार कर योजना के तहत जिले के कितने ग्रामों को शामिल किया गया है ? ग्राम के नाम सहित बतावें ? (ग) क्या पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिर्रा, पामगढ़, केरा, तुस्मा, नवागढ़ में पाईप लाईन विस्तार का कार्य प्रस्तावित है ? यदि हां, तो उक्त ग्रामों का पाईप लाईन विस्तार कर जल आपूर्ति कब तक किया जायेगा कृपया बतावें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) दि. 1 जनवरी 2004 के बाद जांजगीर-चांपा जिला के 32 ग्रामों में नलजल योजना की स्वीकृति दी गई है. विकासखण्डवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में एवं ग्राम के नाम सहित जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ-1" में दर्शित है. (ख) वर्ष 2006-07 में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नलजल योजना में से पाईप लाईन विस्तार कर योजना के तहत 03 ग्रामों को शामिल किया गया है. ग्राम के नाम सहित जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में दर्शित है. (ग) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के केवल ग्राम बिर्रा में पाईप लाईन का कार्य प्रस्तावित है, जो पूर्ण हो चुका है टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है. जल आपूर्ति अप्रैल 2007 तक प्रारंभ करने का प्रयास किया जावेगा.

कोयला आधारित ताप विद्युत गृहों से राखड़ बांधों की दूरी

6. (*क्र. 112) **श्री भूपेश बघेल :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोयला आधारित ताप विद्युत गृहों से राखड़ बांधों की दूरी शहरों या गांवों के आबादी से कितनी दूरी पर होना चाहिए ? (ख) निर्धारित नियमों का उल्लंघन कौन-कौन से नवनिर्मित ताप विद्युत गृहों द्वारा किया जा रहा है और इस संबंध में राज्य शासन क्या कार्यवाही कर रहा है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) न्यूनतम दूरी निर्धारित नहीं है. स्थल विशेष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सशर्त स्थापना सम्मति दी जाती है. (ख) निरंक. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

प्रदेश में खरीफ आनावारी रिपोर्ट

7. (*क्र. 224) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में खरीफ आनावारी रिपोर्ट के अनुसार कितने गांवों में 37 पैसे से कम फसल हुई है तथा कितने तहसील को सूखा ग्रस्त घोषित किया गया है ? (ख) दुर्ग जिले में खरीफ आनावारी रिपोर्ट के अनुसार फसल प्रभावित (सूखा ग्रस्त) ग्राम कितने हैं तथा इन ग्रामों में कितने श्रम बाहुल्य कार्य प्रारम्भ किये गये हैं ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) प्रदेश की खरीफ फसल आनावारी रिपोर्ट के अनुसार कुल 1159 ग्रामों की आनावारी 37 पैसे से कम हैं. उत्तर दिनांक तक किसी भी तहसील को सूखा ग्रस्त घोषित नहीं किया गया है. (ख) दुर्ग जिले में खरीफ आनावारी रिपोर्ट के अनुसार कुल 247 ग्राम प्रभावित हैं तहसीलों को सूखा ग्रस्त घोषित नहीं किये जाने के कारण उत्तर दिनांक तक राहत मद से कोई कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये हैं.

---

† परिशिष्ट "दो"

भुंईया कार्यक्रम के अन्तर्गत भू-अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण

8. (*क्र. 345) **मोहम्मद अकबर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी 2007 की स्थिति में भुंईया कार्यक्रम के अन्तर्गत कौन-कौन सी तहसीलों के भू-अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण शत प्रतिशत कर लिया गया है ? किन-किन अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण किया जाना था ? (ख) क्या रायपुर तहसील के सभी पटवारी हल्कों का नक्शा, खसरा, तथा बी-1 शतप्रतिशत कम्प्यूटर के माध्यम से दिया जा रहा है ? यदि हां, तो कौन-कौन से पटवारी हल्कों का ? यदि नहीं, तो किसका-किसका और क्यों ? कब तक दिया जाएगा ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार है. खसरा, बी-1 एवं नक्शा का कम्प्यूटरीकरण किया जाना था. (ख) नक्शों को छोड़कर प्रश्नाधीन तहसील के सभी पटवारी हल्कों के खसरा एवं बी-1 की प्रतिलिपि शतप्रतिशत कम्प्यूटर के माध्यम से आवेदक द्वारा मांग किये जाने पर दिया जा रहा है. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार है.

जल आवर्धन योजना की जानकारी

9. (*क्र. 268) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विकासखण्ड-पंडरिया एवं विकासखण्ड-लोरमी क्रमश: जिला कबीरधाम एवं बिलासपुर में वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2006 के मध्य कौन-कौन से गांवों में एवं कौन-कौन सी नगर पंचायतों में "नल-जल योजना" की शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाकर निर्माण किया जा रहा है ? योजना की लागत, स्वीकृति का दिनांक एवं कार्य प्रारंभ का दिनांक, पूर्ण या अपूर्ण की जानकारी सहित विवरण दें ? (ख) क्या यह सही है कि पंडरिया एवं लोरमी नगर पंचायत की जल आवर्धन योजना 29 जनवरी, 2007 तक पूर्ण नहीं हो पायी है ? (ग) क्या यह सत्य है कि पंडरिया नगर पंचायत की जल आवर्धन योजना का लोकार्पण (शुभारंभ) माननीय मुख्यमंत्री द्वारा माह अप्रैल 2006 में करने के बाद भी पेयजल प्रदाय नहीं हो रहा है ? यदि हां, तो इसके लिए दोषी कौन है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) विकासखण्ड पंडरिया जिला कबीरधाम में वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2006 की अवधि में कुल 08 ग्रामीण नलजल योजनाएं स्वीकृत की गई एवं नगर पंचायतों के अंतर्गत कोई भी योजना स्वीकृत नहीं की गई. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. विकासखण्ड लोरमी जिला बिलासपुर के अंतर्गत उक्त अवधि में कोई भी योजना की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई. (ख) जी नहीं. पंडरिया नगर की आवर्धन जलप्रदाय योजना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है. लोरमी नगर पंचायत जल आवर्धन योजना पूर्ण कर नगर पंचायत को हस्तांतरित. (ग) जी नहीं. पंडरिया नगर पंचायत की जल आवर्धन योजना का लोकार्पण (शुभारंभ) माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा माह मई 2006 में किया गया था एवं वर्तमान में जलप्रदाय किया जा रहा है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

मंगल भवन निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

10. (*क्र. 389) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से मंगल भवन निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? (ख) क्या आवंटित राशि से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है ? यदि नहीं, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ किया जावेगा ? (ग) सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, अनु. जाति विकास प्राधिकरण प्रकोष्ठ, मंत्रालय, रायपुर को आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास, रायपुर द्वारा भेजे गये पत्र क्र. 2778 दिनांक 24-06-2006 के पत्र पर शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं की गई है तो कब तक की जावेगी ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) विकासखण्ड कसडोल रुपये 7.00 लाख तथा विकासखण्ड बिलाईगढ़ रुपये 10.00 लाख कुल 17.00 लाख मात्र. (ख) जी हां. निर्माण की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मंगल भवन निर्माण सरसींवा | - | प्लिंथ स्तर तक पूर्ण. |
| 2. | मंगल भवन निर्माण अमरूवा | - | पूर्ण. |
| 3. | मंगल भवन निर्माण टुण्डा | - | लिंटल स्तर तक. |
| 4. | मंगल भवन निर्माण चकरवाय | - | रंगाई पोताई शेष. |

(ग) आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास, रायपुर के पत्र क्रमांक 2778 दिनांक 24-06-2006 के अनुक्रम में प्रमुख सचिव, छ. ग. शासन, मुख्यमंत्री सचिवालय, (प्राधिकरण प्रकोष्ठ) मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक 400 दिनांक 06-02-2007 द्वारा विभाग को प्रेषित प्रस्ताव में से :- विकासखण्ड बिलाईगढ़ के ग्राम मुड़पार में विभाग द्वारा मंगल भवन स्वीकृत किया जा चुका है. विकासखण्ड कसडोल के ग्राम देवरीखुर्द [ ग्राम-पंचायत

† परिशिष्ट "तीन"

चरौदा (क) ] , ग्राम धमलपुर ग्राम पंचायत धमलपुर, ग्राम मोहतरा (क) ग्राम पंचायत मोहतरा एवं ग्राम सुकली ग्राम पंचायत सुकली में मंगल भवन निर्माण हेतु प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण विभागीय मापदण्डों के तहत कलेक्टर रायपुर से कराया जा रहा है. कलेक्टर रायपुर से अभिमत प्राप्त होने पर यथा स्वीकृति की कार्यवाही की जावेगी. समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

## वनों की अवैध कटाई पर कार्यवाही

11. (*क्र. 43) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला महासमुंद, रायगढ़, बस्तर एवं राजनांदगांव में वनों की अवैध कटाई एवं वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन के कितने-कितने मामले वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 में दर्ज किए गए हैं ? (ख) दर्ज प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की गई ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :-

| अ. क्र. | जिले का नाम | अवैध कटाई के दर्ज प्रकरण संख्या | | अवैध उत्खनन के दर्ज प्रकरण संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2005-06 (01-04-2005 से 31-03-2006) | वर्ष 2006-07 (01-04-2006 से 31-01-2007) | वर्ष 2005-06 (01-04-2005 से 31-03-2006) | वर्ष 2006-07 (01-04-2006 से 31-01-2007) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | महासमुंद | 737 | 620 | 4 | 13 |
| 2. | राजनांदगांव | 1136 | 1347 | 11 | 5 |
| 3. | बस्तर | 1871 | 1321 | 24 | 67 |
| 4. | रायगढ़ | 2775 | 1970 | 26 | 38 |

(ख) प्रश्नांश "क" में दर्ज प्रकरणों में की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

### अवैध कटाई के दर्ज प्रकरणों में की गई कार्यवाही

| अ. क्र. | जिले का नाम | वर्ष 2005-06 में दर्ज प्रकरणों की संख्या | वर्ष 01-04-06 से 31-01-07 तक दर्ज प्रकरणों की संख्या | निराकृत प्रकरण संख्या 2005-06 | 2005-06 में वसूली गई मावजा महसूल की राशि (रुपये) | निराकृत प्रकरण संख्या 2006-07 (01-04-06 से 31-01-07 तक) | वसूल की गई मावजा महसूल की राशि (01-04-06 से 31-01-07 तक) | न्यायालय में दिये गये प्रकरण संख्या 2005-06 | न्यायालय में दिये गये प्रकरण संख्या 2006-07 (01-04-06 से 31-01-07) | जांच हेतु लंबित प्रकरणों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | 2005-06 | 2006-07 (01-04-06 से 31-01-07) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1. | महासमुंद | 737 | 620 | 181 | 109943 | 138 | 85455 | 2 | 2 | 554 | 480 |
| 2. | राजनांदगांव | 1136 | 1347 | 255 | 278288 | 107 | 123325 | 2 | 2 | 879 | 1238 |
| 3. | बस्तर | 1871 | 1321 | 1051 | 229424 | 537 | 150436 | 4 | 32 | 816 | 752 |
| 4. | रायगढ़ | 2775 | 1970 | 1437 | 698842 | 844 | 401044 | 8 | 1 | 1330 | 1125 |

अवैध उत्खनन के दर्ज प्रकरणों में की गई कार्यवाही

| अ. क्र. | जिले का नाम | वर्ष 2005-06 में दर्ज प्रकरणों की संख्या | वर्ष 01-04-06 से 31-01-07 तक दर्ज प्रकरणों की संख्या | निराकृत प्रकरण संख्या 2005-06 | 2005-06 में वसूली गई मावजा महसूल की राशि (रुपये) | निराकृत प्रकरण संख्या 2006-07 (01-04-06 से 31-01-07 तक) | वसूल की गई मावजा महसूल की राशि (01-04-06 से 31-01-07 तक) | न्यायालय में दिये गये प्रकरण संख्या 2005-06 | न्यायालय में दिये गये प्रकरण संख्या 2006-07 (01-04-06 से 31-01-07) | जांच हेतु लंबित प्रकरणों की संख्या 2005-06 | 2006-07 (01-04-06 से 31-01-07) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1. | महासमुंद | 4 | 13 | 2 | 1700 | - | - | - | - | 2 | 13 |
| 2. | राजनांदगांव | 11 | 5 | 5 | 11000 | 2 | 7000 | 1 | - | 5 | 3 |
| 3. | बस्तर | 24 | 67 | 7 | 34615 | 2 | 2742 | - | 7 | 17 | 58 |
| 4. | रायगढ़ | 26 | 38 | 10 | 20337 | 6 | 12248 | - | 3 | 16 | 29 |

रायपुर जिले में बन्दोबस्त सुधार हेतु दर्ज प्रकरण

12. (*क्र. 341) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 में रायपुर जिले की विभिन्न तहसीलों में बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु कितने-कितने प्रकरण दर्ज हुए तथा कितने-कितने प्रकरण निराकृत हुए एवं लम्बित हैं ? कृपया तहसील कार्यालयवार अलग-अलग जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क" में वर्णित प्रकरण किन-किन कारणों से लम्बित हैं तथा कब तक निराकृत किये जावेंगे ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) प्रश्नांश "क" में वर्णित प्रकरण न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत लंबित है. न्यायालयीन प्रक्रिया पूर्ण होते ही यथाशीघ्र निराकरण कर लिया जावेगा.

शासन द्वारा प्रदत्त पट्टा भूमि के अवैध क्रय-विक्रय के संबंध में

13. (*क्र. 254) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कबीरधाम जिले के पण्डरिया तहसील के ग्राम बकेला की शासकीय भूमि खसरा नं. 137 एवं 137 का बटा क्रमशः 4, 5, 6, 7, 14, 19 एवं 22 की भूमि को किन-किन लोगों को कितनी-कितनी अवधि के लिये पट्टे पर दी गई ? किन-किन पट्टेधारियों ने पट्टा में प्राप्त शासकीय भूमि पर कब्जा नहीं किया ? (ख) क्या यह सत्य है कि पट्टा प्राप्त कई पट्टेधारियों के द्वारा जिसमें से कुछ पट्टेधारियों की मृत्यु हो गई है ने पट्टे में प्राप्त भूमि को रजिस्ट्री के द्वारा अन्य लोगों को बेच दिया है यदि हां, तो उक्त भूमि को किन-किन लोगों ने खरीदा ? क्या पट्टे में प्राप्त भूमि को बेचने का अधिकार पट्टेधारियों को था ? यदि नहीं, तो क्या उक्त भूमि के क्रय विक्रय से संबंधित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक कार्यवाही की जायेगी ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

जिला जांजगीर-चांपा में छात्रों को छात्रवृत्ति का प्रदाय

14. (*क्र. 55) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 तथा 2006-07 में जिला जांजगीर-चांपा में पिछड़े वर्ग के कितने छात्रों को कितनी-कितनी छात्रवृत्ति वितरित की गई ? वर्षवार जानकारी दें ? (ख) वर्ष 2005-

† परिशिष्ट "चार"

06 तथा 2006-07 की अवधि के किन-किन महिनों की छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को वितरित किया जाना शेष है ? छात्रवृत्ति वितरित न किये जाने का क्या कारण है ? कब तक वितरित कर दी जायेगी ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) वर्ष 2005-06 तथा 2006-07 में जिला-जांजगीर-चांपा में पिछड़े वर्ग के 1,71,74,160 छात्रों को रुपये, 5,04,74,971=00 की छात्रवृत्ति वितरित की गई है. वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| वर्ष | छात्रवृत्ति का प्रकार | विद्यार्थियों की संख्या जिन्हें छात्रवृत्ति वितरित की गई | वितरित छात्रवृत्ति की राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 2005-06 | राज्य छात्रवृत्ति | 76,509 | 1,60,02,678=00 |
| 2005-06 | पो. मै. छात्रवृत्ति | 11,304 | 1,27,96,682=00 |
| 2006-07 | राज्य छात्रवृत्ति | 80,046 | 1,68,80,516=00 |
| 2006-07 | पो. मै. छात्रवृत्ति | 6,301 | 47,95,095=00 |
| | योग | 1,74,160 | 5,04,74,971=00 |

(ख) वर्ष 2005-06 तथा 2006-07 में पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 10-10 माहों का वितरण किया जाना शेष है. आवंटन की कमी के फलस्वरूप वितरण में विलंब हुआ है, अब पर्याप्त आवंटन उपलब्ध हो गया है तथा वितरण की कार्यवाही जारी है, अत: निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

### महासमुन्द जिले में बाढ़ आपदा राहत मद से स्वीकृत कार्य

15. (*क्र. 377) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले के बसना एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत वर्ष 2006 की अतिवृष्टि तथा बाढ़ से कितने ग्राम प्रभावित हुए ? ग्राम के नाम सहित बतावें ? (ख) बाढ़ आपदा राहत मद से जनवरी, 2007 की स्थिति में कितने कार्य की स्वीकृति कहां-कहां दी गयी ? (ग) महासमुन्द जिले के लिए बाढ़ आपदा राहत के लिए कितनी राशि प्राप्त हुई है ? कितनी राशि खर्च की जा चुकी है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) वर्ष 2006 में बसना के 24 एवं पिथौरा के 101 इस प्रकार कुल 125 ग्राम प्रभावित हुए. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) कुल दो कार्य स्वीकृत किये गये. (1) अर्जुनडीया से मुण्डापारा मार्ग मुरमीकरण. (2) पुलिया निर्माण कार्य ग्राम पुरूषोत्तमपुर. (ग) कुल रुपये 264.37 लाख. कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा रही है. अभी तक कोई राशि व्यय नहीं हुई है.

### रायगढ़ जिला में संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण

16. (*क्र. 293) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के बरमकेला एवं पुसौर वि. खं. में संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायतवार कुल कितने-कितने जलवाहित शौचालय हेतु राशि की स्वीकृति जिला पंचायत के द्वारा 31-12-06 तक प्रदाय की गयी ? प्रत्येक शौचालय के लिये केन्द्र सरकार से, राज्य सरकार से एवं हितग्राही से कितना-कितना राशि दिये जाने का प्रावधान था ? (ख) अपूर्ण जलवाहित शौचालयों को पूर्ण करने हेतु राशि का प्रदाय किस मद से किस विभाग द्वारा कब तक किया जावेगा ? (ग) नये निर्देश के अनुसार क्या केन्द्रांश राज्यांश की राशि में कटौती की गई है ? अगर हां, तो वर्तमान दर क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) रायगढ़ जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा विकासखण्ड बरमकेला के अंतर्गत बी. पी. एल. श्रेणी के 3854 एवं ए. पी. एल. श्रेणी के 1669 कुल 5523 नग शौचालय तथा विकासखंड पुसौर के अंतर्गत क्रमश: 931 एवं 984 कुल 1915 नग शौचालय निर्माण की स्वीकृति जिला पंचायत द्वारा जारी की गई है. केवल बी. पी. एल. वाले परिवार हेतु शौचालय के लिए केन्द्र सरकार से लागत राशि का 60 प्रतिशत राज्य सरकार से 20 प्रतिशत एवं हितग्राही से 20 प्रतिशत राशि दिये जाने का प्रावधान था. विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "क" एवं "ख" में है. (ख) नियमानुसार अपूर्ण जलवाहित शौचालय को पूर्ण करने हेतु परीक्षणोंपरांत मांग के अनुसार राशि का प्रदाय जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा की जायेगी. (ग) जी नहीं. प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट "पांच"

प्रदेश से पलायन किए गए मजदूरों की जानकारी

17. (*क्र. 90) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 नवम्बर, 2006 से 31 जनवरी, 2007 तक कुल कितने मजदूरों ने प्रदेश से पलायन किया ? माहवार, जिलेवार संख्या बतायें.

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : प्रश्नाधीन अवधि में, अधिक आय अर्जित करने के प्रयोजन से 55964 मजदूर जिले से बाहर गये. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

खैरागढ़ सामान्य वनमंडल में बांस की कटाई

18. (*क्र. 385) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि खैरागढ़ सामान्य वनमंडल में सितम्बर, 2006 से 30 जनवरी, 2007 के मध्य शासकीय जानकारी तहत कितने नग बांस की कटाई एवं जंगल से ढुलाई की जा चुकी है तथा बांस कटाई के विभिन्न मदों में कितनी राशि का भुगतान किया गया ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : खैरागढ़ सामान्य वनमंडल में सितंबर 2006 से 30 जनवरी 2007 के मध्य कुल 1,77,28,500 नग औद्योगिक एवं व्यापारिक बांस की कटाई की गई है, जिसमें से 80,89,945 नग औद्योगिक एवं व्यापारिक बांस की ढुलाई जंगल से की जा चुकी है, तथा बांस कटाई के विभिन्न मदों में 30 जनवरी 2007 तक कुल रुपये 1,55,18,956/- का भुगतान किया गया है.

राहत शिविरों में रहने वाले बच्चों हेतु शिक्षा व्यवस्था

19. (*क्र. 195) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दंतेवाड़ा जिले में राहत शिविरों में रहने वाले आदिवासी बच्चों की पढ़ाई की क्या व्यवस्था है ? (ख) दंतेवाड़ा जिले में आदिमजाति कल्याण विभाग की कितनी शालायें, आश्रम संचालित हैं ? इनमें से कितनी बंद हैं ? (ग) प्रश्नांश (ख) के संबंध में बंद शालाओं, आश्रमों को पुन: संचालित करने की क्या योजना है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) दंतेवाड़ा जिले में राहत शिविरों में रहने वाले आदिवासी बच्चों के लिए अस्थाई शेड का निर्माण कर व अन्य शासकीय भवनों में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है. (ख) दंतेवाड़ा जिला में विभाग की 2070 शालाएं, 275 आश्रम संचालित है. इनमें से 61 शालाएं, 05 आश्रम बंद है. (ग) बंद 61 शालाएं अति संवेदनशील नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में होने के कारण वर्तमान परिस्थिति में इन संस्थाओं को प्रारंभ किया जाना संभव नहीं है. बंद 05 आश्रमों को पुन: प्रारंभ किये जाने हेतु उपयुक्त स्थल का चयन किया जा चुका है एवं आश्रम शीघ्र प्रारंभ किये जायेंगे.

जंगली हाथियों द्वारा जनहानि एवं फसलों की क्षति

20. (*क्र. 10) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में दिनांक 27-01-07 तक जंगली हाथियों के हमलों एवं कुचलने से रायगढ़, सरगुजा एवं जशपुर जिलों में कितने लोगों की मौत हो चुकी है ? मृतकों का नाम व पता बतावें. शासन द्वारा मृतकों के परिवार को कितनी-कितनी सहायता राशि दिनांक 27-01-07 तक दी जा चुकी हैं ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : रायगढ़, सरगुजा एवं जशपुर जिलों में वर्ष 2005-06 में 15 व्यक्तियों एवं वर्ष 2006-07 में (दिनांक 27-01-2007 तक) 12 व्यक्तियों की मृत्यु जंगली हाथियों के हमलों एवं कुचलने से हुई है. मृत व्यक्तियों के नाम एवं पते तथा उनके परिजनों को भुगतान की गई राशियों का विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नल जल योजना की स्वीकृति

21. (*क्र. 336) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने ग्रामों के लिये नल जल योजना स्वीकृत की गई है ? (ख) स्वीकृत नल जल योजना के अंतर्गत कितने निर्माणाधीन है ? (ग) निर्माणाधीन नल जल योजना से जल आपूर्ति कब तक की जावेगी ? कौन-कौन से गांवों में नल जल योजना से पूर्ति होगी.

† परिशिष्ट "छ:" †† परिशिष्ट "सात"

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला बस्तर के 06 ग्रामों एवं जिला दंतेवाड़ा के 02 ग्रामों में नल जल योजना स्वीकृत की गई है. (ख) स्वीकृत नल जल योजना के अंतर्गत बस्तर जिले के 03 ग्रामों में एवं दंतेवाड़ा जिले के 01 ग्राम में कार्य निर्माणाधीन है. (ग) निश्चित समयावधि बताना संभव नहीं है. बस्तर जिले के ग्राम बडांजी, बेलर, कुम्हली एवं दंतेवाड़ा जिले के ग्राम बारसूर में निर्माणाधीन नल जल योजना पूर्ण होने पर पेयजल पूर्ति होगी.

अनुसूचित जाति, जनजाति बालक-बालिका आश्रमों हेतु भवन व्यवस्था

22. (*क्र. 100) **महंत रामसुन्दर दास :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला-जांजगीर-चांपा में कितने अनुसूचित जाति, जनजाति बालक एवं बालिका आश्रम कहां-कहां संचालित है ? (ख) उक्त आश्रम में से कितने में स्वयं का भवन है एवं कितने भवन विहीन है ? भवन विहीन आश्रमों को कब तक भवन उपलब्ध करा दिया जायेगा ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जिला जांजगीर-चांपा में 09 अनुसूचित जाति/जनजाति बालक एवं बालिका आश्रम संचालित हैं. संचालित ग्राम की जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | अनुसूचित जाति/जनजाति | बालक/बालिका | ग्राम का नाम जहां आश्रम संचालित है |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति | कन्या | पन्तोरा |
| 2. | अनुसूचित जाति | कन्या | मालखरौदा |
| 3. | अनुसूचित जाति | कन्या | चिस्दा |
| 4. | अनुसूचित जाति | बालक | कुटराबोड़ |
| 5. | अनुसूचित जाति | बालक | धौराभाठा |
| 6. | अनु. जनजाति | बालक | धौराभाठा |
| 7. | अनु. जनजाति | बालक | कंवलाझर |
| 8. | अनु. जनजाति | बालक | अमलडीहा |
| 9. | अनु. जनजाति | कन्या | अकलसरा |

(ख) उक्त आश्रमों में से 05 आश्रमों का स्वयं का भवन है एवं 04 आश्रम भवनविहीन है. भवनविहीन आश्रमों के भवनों का निर्माण की समय सीमा बताना संभव नहीं है.

राजीव स्मृति वन में वृक्षारोपण

23. (*क्र. 225) **श्री रवीन्द्र चौबे :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजीव स्मृति वन रायपुर में कुल कितने नागरिकों द्वारा अपने पूर्वजों की याद में कुल कितने पौधे लगाए गए थे तथा उनसे प्रति पौधे कितने रुपये लिए गए थे ? (ख) क्या यह सही है कि राजीव स्मृति वन की जमीन को क्रेडा को आवंटित कर दिया गया है ? यदि हां, तो कब और उक्त जमीन से पौधे किसकी अनुमति से उखाड़े गए ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) राजीव स्मृति वन, रायपुर में कुल 2652 नागरिकों द्वारा अपने पूर्वजों की याद में कुल 7009 नग पौधे लगाए गए हैं तथा उनसे प्रति पौधा रुपये 251/- लिए गए हैं. (ख) वर्ष 2003 में राजीव स्मृति वन का कुछ भाग क्रेडा को ऊर्जा शिक्षा उद्यान विकसित करने के उद्देश्य से दिया गया है. उक्त जमीन में लगाये गये पौधे क्रेडा द्वारा ऊर्जा उद्यान के निर्माण की प्रक्रिया में क्षतिग्रस्त हुए. उक्त पौधों को जमीन से उखाड़ने की अनुमति विभाग द्वारा नहीं दी गई है.

छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थलों का विकास एवं प्रचार प्रसार

24. (*क्र. 346) **मोहम्मद अकबर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार हेतु वित्तीय वर्ष 2006-2007 में कुल कितनी-कितनी राशि, किस-किस कार्य हेतु व्यय की गई है ? (ख) क्या दामाखेड़ा का मास्टर प्लान पर्यटन स्थल हेतु तैयार हो चुका है ? यदि हां, तो मास्टर प्लान के अनुसार एवं मेला स्थल के विकास हेतु 01 जनवरी, 2007 की स्थिति में कितनी राशि मदवार व्यय की जा चुकी है तथा कौन-कौन सा कार्य पूर्ण हो चुका है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार हेतु वित्तीय वर्ष 2006-07 (दिनांक 01 अप्रैल 2006 से 01 जनवरी 2007) में किये गये व्ययों का विवरण निम्नानुसार है :-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचार-प्रसार हेतु ब्रोसर, पोस्टर, बुकलेट के मुद्रण हेतु व्यय | - | रुपये | 1,41,19,040.00 |
| 2. | प्रचार-प्रसार हेतु लगाये गये होर्डिंग्स पर व्यय | - | रुपये | 73,70,796.00 |
| 3. | प्रचार-प्रसार हेतु लगाये गये ट्रायविजन होर्डिंग्स पर व्यय | - | रुपये | 81,52,200.00 |
| 4. | अंतराष्ट्रीय पत्रिकाओं में विज्ञापन पर व्यय | - | रुपये | 38,00,000.00 |
| 5. | फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, फिल्म निर्माण आदि पर व्यय | - | रुपये | 14,42,480.00 |
| 6. | स्थानीय समाचार पत्र पत्रिकाओं में विज्ञापन पर व्यय | - | रुपये | 1,93,18,404.00 |
| | कुल | - | रुपये | 5,42,02,920.00 |

(ख) जी नहीं. दामाखेड़ा का मास्टर प्लान पर्यटन स्थल हेतु तैयार करवाया जा रहा है. मेला स्थल के विकास हेतु यज्ञ शाला भवन के निर्माण के लिये जिलाध्यक्ष (आदिवासी विकास), जिला रायपुर को रु. 48.00 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि जारी की गई है.

## "अचानकमार अभ्यारण्य" क्षेत्र के अंतर्गत वन ग्रामों का अन्यत्र व्यवस्थापन

25. (*क्र. 269) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि "अचानकमार अभ्यारण्य" क्षेत्र जिला बिलासपुर के अंतर्गत वन ग्रामों को अन्यत्र बाहर व्यवस्थापन करने की कार्यवाही वन विभाग द्वारा की जा रही है ? यदि हां, तो कौन-कौन से गांव का, कहां-कहां व्यवस्थापन करने की कार्यवाही की जा रही है ? (ख) प्रश्न (क) में पूछे गये गांवों के व्यवस्थापन हेतु क्या-क्या सुविधा व्यवस्थापन के समय प्रदान की जायेगी ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जी हां. वनग्राम -बोकराकछार, बांकल, सामरधसान, बहाउड़, जल्दा एवं कूबा को निम्न स्थलों में विस्थापित कर बसाना प्रस्तावित है-

| क्र. | वनग्राम का नाम | वनग्राम जहां व्यवस्थापित होना है | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कक्ष क्रमांक | परिक्षेत्र का नाम | वनमंडल का नाम |
| 1. | बोकराकछार | 496 | खुड़िया | बिलासपुर वनमंडल |
| 2. | बांकल | 496 | खुड़िया | बिलासपुर वनमंडल |
| 3. | सामरधसान | 496 | खुड़िया | बिलासपुर वनमंडल |
| 4. | बहाउड़ | 498, 499 | खुड़िया | बिलासपुर वनमंडल |
| 5. | जल्दा | 550 | लोरमी | बिलासपुर वनमंडल |
| 6. | कूबा | 1215, 1216 | गौरेला (मरवाही वनमंडल) | मरवाही वनमंडल |

(ख) विस्थापन हेतु प्रस्तावित वनग्रामों के ग्रामीणों को कृषि हेतु तैयारशुदा भूमि, घर बनाने के लिए भूमि, घर बनाने के लिए सहायता राशि, पूर्व स्थान से नए व्यवस्थापित स्थल तक सामान के परिवहन हेतु सहायता राशि, विस्थापन हेतु नगद प्रेरणा राशि, विकसित चारागाह, जलाऊ रोपण उपलब्ध कराए जाएंगे. इसके साथ ही क्षेत्र की स्थिति के अनुसार सड़क, पेयजल, सिंचाई, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रस्तावित है.

-------

# नियम 46 (2) के अन्तर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

गैर सरकारी संगठनों को सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान हेतु प्रदत्त राशि

1. (क्र. 44) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 में कितनी राशि खर्च की गई ? (ख) कंडिका "क" की राशि में से गैर सरकारी संगठनों को कितनी राशि आवंटित की गई ? संगठनों के नाम सहित जानकारी दें ? (ग) कंडिका "ख" के संगठनों की मानिटरिंग किस-किस अधिकारी ने कब-कब की ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

बम्हनीडीह को तहसील बनाए जाने हेतु कार्यवाही

2. (क्र. 56) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या प्रश्न क्रमांक 141 दिनांक 21 नवम्बर 2006 के उत्तर में विकासखण्ड मुख्यालय बम्हनीडीह को तहसील बनाने की घोषणा की गई है ? (ख) यदि हां तो, बम्हनीडीह को तहसील बनाने हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? क्या-क्या कार्यवाही किया जाना शेष है ? (ग) कार्यवाही कब तक पूर्ण की जाकर बम्हनीडीह में तहसील प्रारंभ कर दी जाएगी ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

शासन की बिना अनुमति के स्कूल भवन का निर्माण

3. (क्र. 294) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायगढ़ जिले के बरमकेला विकास खण्ड के सांकरा ग्राम पंचायत द्वारा निर्माणाधीन प्रायवेट स्कूल भवन निर्माण कार्य पर कितना निर्माण हो जाने के बाद नायब तहसीलदार सरिया सर्कल द्वारा स्थगन आदेश किस तिथि को जारी किया गया है ? 31 जनवरी 2007 की स्थिति में उपरोक्त भवन का कौन-कौन सा कार्य हो चुका है ? एवं कौन-कौन सा निर्माण कार्य शेष है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : जी हां, छत की ढलाई हो जाने के बाद दिनांक 10-10-2006 को स्थगन आदेश जारी किया गया है. दिनांक 31जनवरी 2007 की स्थिति में छत की ढलाई हो चुकी है तथा खिड़की दरवाजा एवं प्लास्टर फ्लोरिंग (फर्शीकरण) का कार्य शेष है.

कसडोल विकासखण्ड के वनग्रामों में आदिवासी विकास योजनांतर्गत स्वीकृत राशि

4. (क्र. 390) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने कृपा करेंगे कि (क) कसडोल विकासखण्ड अन्तर्गत वनग्रामां में वर्तमान वित्तीय वर्ष में कितनी राशि आदिवासी विकास योजना के अन्तर्गत किन-किन कार्यों के लिए स्वीकृत की गयी ? ग्रामवार जानकारी देवें तथा कितनी राशि उपरोक्त योजना के अन्तर्गत व्यय की गयी है और कितनी राशि शेष है ? (ख) शेष राशि का उपयोग निर्माण कार्यो को पूरा करने में कब तक किया जावेगा ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) कसडोल विकास खण्ड अन्तर्गत वनग्रामों में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2006-07 में आदिवासी विकास योजना के अन्तर्गत कोई कार्य स्वीकृत नहीं किये गये हैं, परन्तु वनग्रामों का विकास योजना के अंतर्गत कार्य किए गये हैं. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

-------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 194) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के लिए जिलेवार वर्ष 2005-06 तथा वर्ष 2006-07 के प्रावधानित राशि का विवरण**

| स. क्र. | जिला | प्रावधानित राशि (रु. लाखों में ) वर्ष 2005-06 | वर्ष 2006-07 |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | रायपुर | 425.08 | 449.10 |
| 2. | धमतरी | 311.59 | 125.92 |
| 3. | महासमुंद | 248.60 | 569.97 |
| 4. | दुर्ग | 100.00 | 0 |
| 5. | राजनांदगांव | 300.48 | 0 |
| 6. | कबीरधाम | 151.53 | 162.37 |
| 7. | बिलासपुर | 451.00 | 645.35 |
| 8. | कोरबा | 523.97 | 288.75 |
| 9. | जांजगीर-चांपा | 559.67 | 353.92 |
| 10. | रायगढ़ | 10.00 | 937.03 |
| 11. | जशपुर | 249.69 | 153.99 |
| 12. | सरगुजा | 0 | 1189.66 |
| 13. | कोरिया | 187.46 | 117.41 |
| 14. | बस्तर | 509.13 | 758.39 |
| 15. | दंतेवाड़ा | 125.00 | 91.52 |
| 16. | कांकेर | 325.04 | 163.12 |
| | योग | 4478.24 | 6006.50 |

प्रपत्र "ब"

**सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के लिए जिलेवार वर्ष 2005-06 तथा वर्ष 2006-07 के प्रावधानित/ स्थापित RSM/PC का विवरण**

| स. क्र. | जिला | प्रावधानित ग्रामीण स्वच्छता दुकान (RSM) एवं उत्पादन केन्द्र (PC) | स्थापित ग्रामीण स्वच्छता दुकान (RSM) एवं उत्पादन केन्द (PC) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | रायपुर | 15 | 20 | कार्य प्रारंभ शेष |
| 2. | धमतरी | 05 | 0 | - |
| 3. | महासमुंद | 03 | 03 | वर्तमान में 01 बंद 02 कार्यरत |
| 4. | दुर्ग | 10 | 12 | अक्रियाशील |
| 5. | राजनांदगांव | 05 | 08 | कार्यरत |
| 6. | कबीरधाम | 04 | 0 | - |
| 7. | बिलासपुर | 10 | 10 | - |
| 8. | कोरबा | 05 | 05 | ग्राम एवं स्वच्छता समितियों को स्वच्छता संबंधी उपकरण उपलब्ध हो रहे हैं. |
| 9. | जांजगीर-चांपा | 0 | 0 | - |
| 10. | रायगढ़ | 0 | 0 | - |
| 11. | जशपुर | 0 | 0 | - |
| 12. | सरगुजा | 0 | 0 | - |
| 13. | कोरिया | 0 | 0 | - |
| 14. | बस्तर | 14 | 0 | - |
| 15. | दंतेवाड़ा | 05 | 03 | - |
| 16. | कांकेर | 10 | 0 | वर्तमान में बंद है. |
| | **योग** | **86** | **61** | |

परिशिष्ट "दो"
[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 329) के भाग (क) की जानकारी ]

**विशेष केन्द्रीय सहायता पूंजीगत मद अंतर्गत वि. खं. बास्तानार में स्वीकृत किये गये कार्यों की अद्यतन जानकारी**

वर्ष 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06

| स. क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | कार्य स्थान | क्रियान्वयन एजेंसी | कार्य की स्थिति पूर्ण/अपूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | **वर्ष 2003-04** | | | |
| 1. | पीरमेटा के कुम्हारपारा में विद्युत लाईन विस्तार. | 1.188 | पीरमेटा-कुम्हारपारा | छ. ग. राज्य विद्युत मंडल | पूर्ण |
| | **योग (विभाग)** | **1.188** | | | |
| 2. | ग्राम इरपा बुद्धुपारा में हैण्डपंप खनन | 0.450 | इरपा | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | पूर्ण |
| 3. | ग्राम बड़ेकिलेपाल बेट्टीपारा में हैण्डपंप खनन. | 0.450 | बड़ेकिलेपाल | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | पूर्ण |
| 4. | ग्राम पीरमेटा तुरांगगुर में हैण्डपंप खनन | 0.450 | पीरमेटा | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | पूर्ण |
| 5. | ग्राम लालागुड़ा राउतपारा में हैण्डपंप खनन. | 0.450 | लालागुड़ा | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | पूर्ण |
| 6. | ग्राम जामगांव पटेलपारा में हैण्डपंप खनन. | 0.450 | जामगांव | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | पूर्ण |
| | **योग (विभाग)** | **2.250** | | | |
| | **महायोग** | **3.438** | | | |
| | | **वर्ष 2004-05** | | | |
| 1. | बदरेंगा से मूतनपाल सड़क के कि. मी. 1/2 में पुलिया निर्माण. | 1.115 | बदरेंगा-मूतनपाल | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा | पूर्ण |
| 2. | बदरेंगा से मूतनपाल सड़क के कि. मी. 2/6 में पुलिया निर्माण. | 1.494 | बदरेंगा-मूतनपाल | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा | पूर्ण |
| 3. | बदरेंगा से मूतनपाल सड़क के कि. मी. 1/6 में पुलिया निर्माण. | 1.110 | बदरेंगा-मूतनपाल | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा | पूर्ण |
| 4. | बदरेंगा से मूतनपाल सड़क के कि. मी. 2/2 में पुलिया निर्माण. | 1.116 | बदरेंगा-मूतनपाल | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा | पूर्ण |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | मुख्य सड़क चित्रकोट से खालेपारा सड़क के कि. मी. 0.01 एवं 1.20 पर पुलिया निर्माण. | 3.675 | चित्रकोट-खालेपारा | कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा | पूर्ण |
| | **योग (विभाग)** | **8.510** | | | |
| 6. | मूतनपाल में तालाब निर्माण | 2.892 | मूतनपाल | मुख्य कार्यपालन अधि. जन. पंचा. बास्तानार. | पूर्ण |
| 7. | जामगांव गंगोपारा में तालाब निर्माण | 2.892 | जामगांव गंगोपारा | मुख्य कार्यपालन अधि. जन. पंचा. बास्तानार. | पूर्ण |
| | **योग (विभाग)** | **5.784** | | | |
| | **महायोग** | **14.294** | | | |
| | | **वर्ष 2005-06** | | | |
| 1. | लालागुड़ा मार्ग पर पुलिया निर्माण | 4.480 | लालागुड़ा | मुख्य कार्यपालन अधि. जन. पंचा. बास्तानार. | पूर्णता पर |
| 2. | बड़ेकिलेपाल में तालाब निर्माण | 2.480 | बड़ेकिलेपाल | मुख्य कार्यपालन अधि. जन. पंचा. बास्तानार. | पूर्णता पर |
| 3. | लालागुड़ा में विद्युत लाईन विस्तार | 4.000 | लालागुड़ा | छ. ग. राज्य विद्युत मंडल | पूर्णता पर |
| | **योग (विभाग)** | **10.960** | | | |
| | **महायोग** | **10.960** | | | |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 268) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**विकासखंड पंडरिया में वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2006 के मध्य स्वीकृत नल जल प्रदाय योजनाओं का विवरण**

| क्र. | नल जल प्रदाय योजना का नाम | स्वीकृत लागत (रु. लाख में) | स्वीकृति क्रमांक/दिनांक | कार्य प्रारम्भ का दिनांक | भौतिक प्रगति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | कोदवागोदान | 15.00 | 100/CE/ 9-12-04 | जून 2005 | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पंप हाउस - पूर्ण<br>3. पाईप लाईन - पूर्ण<br>4. आर. सी. सी.- पूर्ण उच्चस्तरीय टंकी.<br>5. स्थायी विद्युत- शेष कनेक्शन. | ग्राम में पर्याप्त वोल्टेज ने होने के कारण पंप नहीं चल पा रहा. |
| 2. | धोबभठ्ठी | 10.27 | 70/CE/ 4-1-06 | 1 सितम्बर 2006 | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पंप हाउस - पूर्ण<br>3. पाईप लाईन - पूर्ण<br>4. सिस्टर्न निर्माण- पूर्ण<br>5. स्थायी विद्युत- शेष कनेक्शन. | - |
| 3. | कुम्ही | 13.14 | 68/CE/ 4-1-06 | 3 अक्टूबर 2006 | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पंप हाउस - पूर्ण<br>3. पाईप लाईन - पूर्ण<br>4. सिस्टर्न निर्माण- पूर्ण<br>5. स्थायी विद्युत- शेष कनेक्शन. | - |
| 4. | सन्हाभाठा | 8.69 | 72/CE/ 4-1-06 | 8 अगस्त 2006 | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पंप हाउस - पूर्ण<br>3. पाईप लाईन - 75% पूर्ण<br>4. सिस्टर्न निर्माण- पूर्ण<br>5. स्थायी विद्युत- शेष कनेक्शन. | - |
| 5. | रूसे (आवर्धन) | 20.00 | 112/CE/ 24-1-06 | 17 दिसम्बर 2006 | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पंप हाउस - शेष<br>3. पाईप लाईन - 75% पूर्ण<br>4. आर. सी. सी.- शेष उच्चस्तरीय टंकी. | आर. सी. सी. उच्च स्तरीय टंकी निर्माण की निविदा प्राप्त, स्वीकृति हेतु कार्यवाही की जा रही है. |
| 6. | पौनी | 8.69 | 170/CE/ 27-2-06 | 1 फरवरी 2007 | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पंप हाउस - शेष<br>3. पाईप लाईन - 30% पूर्ण का कार्य.<br>4. सिस्टर्न निर्माण- शेष<br>5. स्थायी विद्युत- शेष कनेक्शन. | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | मंझोली | 9.60 | 52/CE/ 17-5-06 | - | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पंप हाउस - शेष<br>3. पाईप लाईन - शेष<br>4. सिस्टर्न निर्माण- शेष | स्वीकृत कार्य हेतु पुनः तृतीय निविदा आमंत्रित की गई है. |
| 8. | खैरझिटी (पुराना) | 7.22 | 98/CE/ 17-7-06 | - | 1. स्त्रोत निर्माण - पूर्ण<br>2. पाईप लाईन - शेष<br>3. पंप हाउस - शेष<br>4. सिस्टर्न निर्माण- शेष | स्वीकृत कार्य हेतु पुनः तृतीय निविदा आमंत्रित की गई है. |

परिशिष्ट " चार "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 341) के भाग (क) की जानकारी ]

**(क) रायपुर जिले की विभिन्न तहसीलों में बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु दर्ज प्रकरण, निराकृत प्रकरण एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी निम्नानुसार है :**

| क्रमांक | तहसील का नाम | वर्ष 2004-05 | | | | | वर्ष 2005-06 | | | | | वर्ष 2006-07 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष के प्रारंभ में लंबित | वर्ष में दर्ज प्रकरण | कुल दर्ज प्रकरण | कुल निराकृत प्रकरण | कुल लंबित प्रकरण | वर्ष के प्रारंभ में लंबित | वर्ष में दर्ज प्रकरण | कुल दर्ज प्रकरण | कुल निराकृत प्रकरण | लंबित प्रकरण | वर्ष के प्रारंभ में लंबित | वर्ष में दर्ज प्रकरण | कुल दर्ज प्रकरण | कुल निराकृत प्रकरण | लंबित प्रकरण |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) |
| 1. | रायपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | अभनपुर | 21 | 200 | 221 | 216 | 05 | 05 | 198 | 203 | 199 | 04 | 04 | 52 | 56 | 41 | 15 |
| 3. | आरंग | 06 | 30 | 36 | 29 | 07 | 07 | 92 | 99 | 60 | 39 | 39 | 0 | 39 | 26 | 13 |
| 4. | तिल्दा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | सिमगा | 0 | 01 | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 21 | 21 | 06 | 15 |
| 6. | भाटापारा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7. | ब. बाजार | 0 | 13 | 13 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | पलारी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | कसडोल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | बिलाईगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11. | राजिम | 09 | 20 | 29 | 27 | 02 | 02 | 115 | 117 | 107 | 10 | 10 | 10 | 20 | 13 | 07 |
| 12. | गरियाबन्द | 13 | 59 | 72 | 38 | 34 | 34 | 64 | 98 | 90 | 08 | 08 | 11 | 19 | 02 | 17 |
| 13. | देवभोग | 0 | 05 | 05 | 05 | 0 | 0 | 13 | 13 | 12 | 01 | 01 | 06 | 07 | 04 | 03 |
| | **योग** | **49** | **328** | **377** | **329** | **48** | **48** | **482** | **530** | **468** | **62** | **62** | **100** | **162** | **92** | **70** |

**टीप** :- तहसील पलारी, कसडोल एवं बिलाईगढ़ में बंदोबस्त कार्य संपादित नहीं हुये हैं.

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 377) के भाग (क) की जानकारी ]

### बाढ़ आपदा से प्रभावित ग्रामों की सूची

| क्र. (1) | ग्राम का नाम (2) | क्र. (1) | ग्राम का नाम (2) |
|---|---|---|---|
| 1. | भूतहाबहरा | 29. | कुदारीदादर |
| 2. | बेलटिकरी | 30. | तिलकपुर |
| 3. | केंवटापाली | 31. | झापीमौहा |
| 4. | बूटीपाली | 32. | पिरदा |
| 5. | लौहारपाली | 33. | लिमदरहा |
| 6. | टीपा | 34. | साईसराईपाली |
| 7. | लोहरीनडीपा | 35. | जोगीदादर |
| 8. | सलखण्ड | 36. | भस्करापाली |
| 9. | भंवरपुर | 37. | कोटगढ़ |
| 10. | जमदरहा | 38. | लाखामौहा |
| 11. | बनडबरी | 39. | बरेकेल |
| 12. | भंवरचुवा | 40. | ब्राम्हणपुरी |
| 13. | बुदेलाभाठा | 41. | तरेकेला |
| 14. | झारउड़ेला | 42. | बरनईदादर |
| 15. | पैता | 43. | झगरेनडीह |
| 16. | रूपापाली | 44. | भीखापाली |
| 17. | दुरूगपाली | 45. | देवलगढ़ |
| 18. | कुम्हारी | 46. | राजपुर |
| 19. | रंगमटिया | 47. | गोड़मर्रा |
| 20. | पुरुषोत्तमपुर | 48. | जगदीशपुर |
| 21. | केलवढ़बरी | 49. | ढोढरकसा |
| 22. | बम्हनीडीह | 50. | सल्डीह |
| 23. | खोगसा | 51. | कटंगतराई |
| 24. | बसना | 52. | साकरा |
| | **विकासखण्ड पिथौरा** | 53. | सिहारपुर |
| 25. | बड़ेटेमरी | 54. | परसवानी |
| 26. | नरसैयुयापल्लम | 55. | बैतारी |
| 27. | आरंगी | 56. | झारमुड़ा |
| 28. | पथरला | 57. | केशरपुर |

| (1) | (2) | (1) | (2) |
|---|---|---|---|
| 58. | रजपालपुर | 95. | सरकंडा |
| 59. | बम्हनी | 96. | पटपरपाली |
| 60. | खम्हन | 97. | ढेल्कोदादर |
| 61. | धुपनडीह | 98. | दुरूगपाली |
| 62. | भैरोपुर | 99. | खुसरुपाली |
| 63. | बागमाड़ा | 100. | खोड़ीगांव |
| 64. | खैरमुड़ी | 101. | डोंगरीयपाली |
| 65. | कारीडोंगर | 102. | कसहीबहरा |
| 66. | पंडरीपानी | 103. | लाखागढ़ |
| 67. | सीतापुर | 104. | गड़बेड़ा |
| 68. | जराभरन | 105. | दादरगांव |
| 69. | बारीकपाली | 106. | लहरौद |
| 70. | भतखुन्दा | 107. | कोकोभाठा |
| 71. | जर्रा | 108. | पिथौरा |
| 72. | चनौरडीह | 109. | जम्हर |
| 73. | तिलजनपुर | 110. | बल्दीडीह |
| 74. | सावित्रीपुर | 111. | सोनासिल्ली |
| 75. | भजपुरी | 112. | बुन्देली |
| 76. | बिजेमाल | 113. | टेका |
| 77. | बामड़ाडीह | 114. | कुरमाडीह |
| 78. | बुर्राडीह | 115. | चारभाठा |
| 79. | शंकरपुर | 116. | मुढीपार |
| 80. | सरीफाबाद | 117. | अन्सुला |
| 81. | बड़ेलोरम | 118. | खपराखोल |
| 82. | लारीपुर | 119. | चुरूपाली |
| 83. | परधियासराईपाली | 120. | बरेकेलखुर्द |
| 84. | रामपुर | 121. | डोंगाझर |
| 85. | ताला | 122. | परसपाली |
| 86. | मोहगांव | 123. | सुर्खीपाली |
| 87. | रेमड़ा | 124. | सेमली |
| 88. | खुरसीपहार | 125. | कांड़िया |
| 89. | सिरको | | |
| 90. | लालमाटी | | |
| 91. | नवागांवकला | | |
| 92. | ठाकुरदिया | | |
| 93. | गोपालपुर | | |
| 94. | छिबर्रा | | |

परिशिष्ट "छः"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 90) की जानकारी ]

**1 नवम्बर 2006 से 31 जनवरी 2007 तक की जिलेवार पलायन की जानकारी**

| क्र. | जिले का नाम | माह नवम्बर 2006 | माह दिसम्बर 2006 | माह जनवरी 2007 | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | रायपुर | 4473 | 1859 | 4914 | 11246 |
| 2. | महासमुंद | 34 | 0 | 477 | 511 |
| 3. | धमतरी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | दुर्ग | 10594 | 196 | 464 | 11254 |
| 5. | राजनांदगांव | 4045 | 4619 | 5371 | 14035 |
| 6. | कबीरधाम | 244 | 145 | 1356 | 1745 |
| 7. | बस्तर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | कांकेर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | दन्तेवाड़ा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | बिलासपुर | 1828 | 1099 | 5764 | 8691 |
| 11. | जांजगीर-चांपा | 5051 | 1301 | 2130 | 8482 |
| 12. | कोरबा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13. | रायगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14. | जशपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15. | सरगुजा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16. | कोरिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 26269 | 9219 | 20476 | 55964 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 10) की जानकारी ]

**वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 (दिनांक 27-01-07) तक रायगढ़, सरगुजा एवं जशपुर जिलों में जंगली हाथियों के हमलों में मृत व्यक्तियों के नाम एवं पते तथा मृतकों के परिवारों को दी गई आर्थिक सहायता का विवरण**

| अनु. क्र. | जिले का नाम | मृतक का नाम एवं पता | मृतकों के परिवारों को भुगतान की गई राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | | **वर्ष 2005-06** | |
| 1. | रायगढ़ | श्री जयसिंह प्रधान, ग्राम ओंगना | 1,00,000 |
| 2. | रायगढ़ | श्री बंधन सिंह उरांव, ग्राम झुलनवर | 1,00,000 |
| 3. | रायगढ़ | श्री बधन सिंह कंवर, ग्राम बीजापतरा | 1,00,000 |
| 4. | रायगढ़ | श्रीमती कंचन कुमारी, ग्राम सिंथरा | 1,00,000 |
| 5. | सरगुजा | स्व. श्री हरिकिसुन आ. रामशरण खैरवार सा. टमकी परिक्षेत्र घुई थाना रमकोला तहसील प्रतापपुर. | 1,00,000 |
| 6. | सरगुजा | स्व. श्री कमलकांत दुबे आ. स्व. श्री तेजराम दुबे सा. अंजनी परिक्षेत्र घुई थाना रमकोला तहसील प्रतापपुर. | 1,00,000 |
| 7. | सरगुजा | स्व. श्रीमती मुनिया बाई पत्नि स्व. कमलाकांत दुबे सा. अंजनी परिक्षेत्र घुई थाना रमकोला तहसील प्रतापपुर. | 1,00,000 |
| 8. | सरगुजा | स्व. कु. राजकुमारी पुत्री फुलसाय बरगाह सा. मुडूपानी परिक्षेत्र घुई थाना रमकोला तहसील प्रतापपुर. | 1,00,000 |
| 9. | सरगुजा | स्व. श्री कवलसाय वल्द लाली विझिया ग्राम सायर परिक्षेत्र उदयपुर | 1,00,000 |
| 10. | जशपुर | श्री घनश्याम यादव व. सेलर यादव ग्राम घनापाठ परिक्षेत्र/थाना बगीचा जिला जशपुर. | 1,00,000 |
| 11. | जशपुर | श्री ज्ञानसागर तिग्गा व. जोहन तिग्गा ग्राम गोवासी परिक्षेत्र/थाना बगीचा जिला जशपुर. | 1,00,000 |
| 12. | जशपुर | श्री चमरू राम व. मनहाकिया ग्राम कोपा परिक्षेत्र/थाना सन्ना जिला जशपुर. | 1,00,000 |
| 13. | जशपुर | श्री मुनेश्चर राम व. जगत राम कंवर ग्राम डुमरपानी गेमरेंज बादलखोल थाना बगीचा जिला जशपुर. | 1,00,000 |
| 14. | जशपुर | श्रीमती ननकी बाई जौजे घनश्याम रौतिया ग्राम सेन्टीमुण्डा गेमरेंज बादलखोल थाना बगीचा जिला जशपुर. | 1,00,000 |
| 15. | जशपुर | श्रीमती रेहाना जौजे अब्दुल गफ्फार ग्राम भडिया परिक्षेत्र/थाना बगीचा जिला जशपुर. | 1,00,000 |
| | | **योग** | **15,00,000** |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| | | **वर्ष 2006-07** | |
| 1. | रायगढ़ | कु. समति मांझी, ग्राम प्रेमनगर, धर्मजयगढ़ | 1,00,000 |
| 2. | रायगढ़ | श्रीमती जाममोती, ग्राम तेन्दुमुड़ी | 1,00,000 |
| 3. | सरगुजा | स्व. नधिया वल्द नागवंशी ग्राम नवापारा परिक्षेत्र/थाना सीतापुर | 1,00,000 |
| 4. | सरगुजा | स्व. राजेन्द्र भगत आ. श्री दिलभंजन भगत सा. पाकरडीह, थाना कुसमी | 5,000 |
| 5. | सरगुजा | स्व. चीकू आ. साधू नगेशिया थाना कुसमी | 5,000 |
| 6. | सरगुजा | स्व. चिरंगी बाई पति श्री ननकू सा. खूटापानी थाना राजपुर | 1,00,000 |
| 7. | जशपुर | स्व. मनबोध राम व. रतनराम खडिया ग्राम जामबहार थाना तपकरा | 1,00,000 |
| 8. | जशपुर | स्व. सुकर साय व. सोमरा ग्राम गरईबांध थाना कांसाबेल | 1,00,000 |
| 9. | जशपुर | स्व. वीरेन्द्र व. पचनराम सा. गोवारू थाना मनोरा | 1,00,000 |
| 10. | जशपुर | स्व. जगेश्वर राम व. लेखनराम ग्राम हेडघीचा थाना तपकरा | 10,000 |
| 11. | जशपुर | स्व. गवरियल व. ठेसो कुजूर ग्राम चिटकवाईन थाना कुनकुरी | 5,000 |
| 12. | जशपुर | स्व. मार्था बडा जौ. निस्तार बडा ग्राम बनगांव थाना दुलदुला | 5,000 |
| | | **योग** | **7,30,000** |
| | | **महायोग 2005-06 एवं 2006-07 के कुल प्रकरण-27** | **22,30,000** |